कार्यालय प्राचार्य, जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

अण्टाघर सर्किल के पास, नयापुरा, कोटा 324001

टेलिफोन व फैक्स नं. 0744–2324074

ई–मेल : jdbcollege@gmail.com

क्रमांकःजादेब / 2019 / 1041 दिनांक : 10.6.2019

श्रीमान् जिला कलक्टर एवं
जिला निर्वाचन अधिकारी,
कोटा।

विषयः– विधानसभा चुनाव 2018 व लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान महाविद्यालय में हुई भवन व फर्नीचर टूट–फुट को दुरूस्त / भरपाई करवाने बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि महाविद्यालय भवन को विधानसभा चुनाव 2018 तथा लोकसभा चुनाव 2019 हेतु अधिग्रहित किया गया था। चुनाव के दौरान कक्षों से जो फर्नीचर (कुर्सी व टेबिल) इधर–उधर किये गये थे उसमें हुई टूट–फूट, बड़ी टेबिलें ज़ो बाहर निकाली गई, खिड़कियों के काँच, जालियाँ, एल्यूमिनियम गेट, खिड़कियों का प्लास्टर करवाने की आवश्यकता है।

कक्ष संख्या 42 जो कि मतगणना कक्ष बनाया गया था उसमें से प्रयोगशाला की बड़ी–बड़ी टेबिलें पीछे खिड़की तोड़कर बाहर निकाली गई थी वह धूप व पानी से खराब हो गई हैं, उन टेबिलों में मरम्मत की आवश्यकता है।

कक्ष संख्या 116 की छत पर रखी गई कुर्सी व टेबिल जो कि छत पर रखी गई थी वह बरसात में जंग लगकर खराब हो गई हैं।

अतः आपसे निवेदन है कि छात्रा हित को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में हुई क्षति की पूर्ति करवाने तथा कक्षों में हुई टूट–फुट को दुरूस्त करवाने की कृपा करें।

10.06.2019

प्राचार्य
जा.दे.ब.राज.कन्या महाविद्यालय,
कोटा

SANJAY BHARGAVA

Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.06.12 17:51:46 +05'30'

File
Sanaerod
18/06/19

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), कोटा

क्रमांक : निर्वा/लेखा/2019/3896 दिनांक : 17/06/2019

अधीक्षण अभियन्ता
सार्वजनिक निर्माण विभाग
नगर खण्ड, कोटा

विषय : विधानसभा चुनाव 2018/लोकसभा आम चुनाव 2019 के दौरान चुनाव/मतगणना कार्य हेतु अधिग्रहित राज0 जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय कोटा में हुई टूट फूट व अस्थाई निर्माण बाबत।

प्रसंग : प्राचार्य राज0 जानकी देवी बजाज कन्या महा विद्यालय कोटा के पत्रांक 1041 दिनांक : 10.06.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र की प्रतिलिपि प्रस्तुत कर लेख है विधानसभा चुनाव 2018/लोकसभा आम चुनाव 2019 के दौरान चुनाव/मतगणना कार्य हेतु अधिग्रहित राज0 जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय कोटा में हुई टूट फूट व अस्थाई निर्माण करने के दौरान महाविद्यालय के अधिग्रहित कमरों की मरम्मत एवं टूट फूट आदि का कार्य पूर्ण करने हेतु पत्र प्रेषित किया है। अतः आप अपने अधिनस्थ अधिकारीयान को तुरन्त निर्देशित करें कि चुनाव के दौरान जिन कमरों अथवा जिस भाग में टूट फूट हुई है, उसकी मरम्मत कराने का श्रम करें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी
(अति0कलक्टर), कोटा

क्रमांक : निर्वा/लेखा/2019/3896 दिनांक : 17/06/2019

प्रतिलिपिः–

1. अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग नगर खण्ड कोटा को प्रेषित कर लेख है कि जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय में चुनाव के दौरान अधिग्रहित कमरों में टूट फूट का कार्य तुरन्त पूर्ण करावें ।
2. प्राचार्य राजकीय जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय कोटा को सूचनार्थ प्रेषित है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी
(अति0कलक्टर), कोटा

SANJAY BHARGAVA
Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.06.12 17:52:03 +05'30'